**खबर संक्षेप**



### अगवानपुर में गेहूं की फसल में आग लगी

**गन्नौर।** अगवानपुर में वीरवार को गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लगने से किसान को भारी नुकसान झेलना पड़ा। आग की चपेट में आने से किसान श्रीभगवान की करीब 1.5 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। घटना के समय खेतों के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक फसल में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग को सूचित किया। आग को फैलने से रोकने के लिए ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चलाकर आसपास की फसल को बचाने का प्रयास किया। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, खेल नर्सरी के लिए वालीबॉल की ट्रायल ली

### रिवाड़ा खेल नर्सरी में हुए वॉलीबाल का ट्रायल



**गोहाना।** गांव रिवाड़ा स्थित व्यायामशाला में खेल नर्सरी के लिए वालीबॉल की ट्रायल की ली गई। ट्रायल में 8 वर्ष से 19 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। ट्रायल लड़के और लड़कियों दोनों के लिए आयोजित हुई जिसमें 50 खिलाडिय़ों ने भाग लिया। ट्रायल सरपंच आशीष, कोच मनजीत कौर, बलवान सिंह, सतबीर सिंह, विशाल और सुरजीत की देखरेख में ली गई।

### बोलेरो से शराब की खेप बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**सोनीपत।** एनएच-44 पर कुंडली-सिंघु बॉर्डर के पास से पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अवैध रूप से तस्करी कर ले जाई जा रही शराब बरामद की है। शराब को बोलेरो गाड़ी में भरकर दिल्ली की तरफ ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बोलेरो सवार गांव खेड़ी दहिया निवासी प्रदीप को गिरफ्तार किया है। कुंडली थाना में नियुक्त एचसी सोमवीर बुधवार देर रात को अपनी टीम के साथ जीटी रोड स्थित शराब ठेका के पास कुंडली-सिंघु बॉर्डर के पास नाकाबंदी कर जांच कर रहे थे। इसी दौरान पानीपत की तरफ से आ रही बोलेरो गाड़ी को रुकवाया गया। चालक ने अपना नाम प्रदीप बताया। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें पिछली और बीच की सीटों की जगह शराब की पेटियां भरी हुई मिलीं। जांच के दौरान पुलिस ने गाड़ी से 38 पेटी देशी शराब और 9 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आरटीई के शेड्यूल में बदलाव: शहर के नामी निजी स्कूलों में पढ़ेंगे जरूरतमंद होनहार बच्चे

# अब 16 तक पोर्टल पर आवेदन, 20 को ड्रा से बच्चों को अलॉट किए जाएंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

निशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत विद्यार्थियों का निजी स्कूलों में दाखिला करवाने को लेकर विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से शेड्यूल में बदलाव किया गया है। नए शेड्यूल के मुताबिक जिले के मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में बच्चों का दाखिला करवाने के लिए अभिभावक 16 अप्रैल तक ऑनलाइन उज्ज्वल पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। इसके पश्चात 20 अप्रैल को ड्रा के माध्यम से विद्यार्थियों को स्कूल अलॉट किए जाएंगे, जबकि पहले 9 अप्रैल को ड्रा निकाला जाना था। इस वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दाखिला प्रक्रिया चलेगी। पहले 10 से 23 अप्रैल तक दाखिला लेने की तिथि निर्धारित की गई थी। वहीं निदेशालय ने 1 से 5 मई तक वेटिंग लिस्ट के आधार पर बच्चों का दाखिला करवाने का निर्णय लिया है। उधर जिला शिक्षा विभाग कितने स्कूलों की ओर से सीटें जारी की गई है या कितने स्कूल निदेशालय के निर्देशों पर दिलचस्पी ले रहे हैं, इस बात से अनजान बना है। विभाग के पास अब तक ऐसा कोई विवरण नहीं है। अधिकारियों के अनुसार आरटीई अधिनियम 2009 के तहत सभी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को अलाभप्रद व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए नर्सरी, केजी व प्रथम कक्षा के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करनी होती है।




**सोनीपत।** सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय।

### शिक्षा निदेशालय ने जिला अधिकारियों को भेजी सूचना

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को संबंधित सूचना जारी कर दी गई है। बता दें कि सरकार आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को निशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के नियमों के तहत अच्छी शिक्षा देने का प्रयास कर रही है। विभाग की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि सभी स्कूल निर्धारित नियमों की अनुपालना अवश्य करें। साथ ही अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट की नियमित जांच की जाए। जिला शिक्षा विभाग अब 30 अप्रैल तक जरूरतमंद बच्चों का निजी स्कूलों में दाखिला करवाना सुनिश्चित करेगा। शैक्षणिक वर्ष 2026-27 में निजी स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों के पास आवेदन करने का केवल 7 दिन का समय बचा है।

### अब दाखिलों के लिए ये रहेगा शेड्यूल

- बच्चों का आसपास के निजी स्कूल में दाखिले करवाने के लिए अभिभावक 16 अप्रैल तक उज्ज्वल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं
- पात्र विद्यार्थियों को ड्रा के माध्यम से 20 को स्कूल आवंटित किए जाएंगे
- 21 से 30 तक बच्चों का तय स्कूलों में दाखिला करवाना अनिवार्य रहेगा
- 1 से 5 मई तक वेटिंग लिस्ट के आधार पर विद्यार्थियों को दाखिला देना होगा

### एडमिशन के लिए ये दस्तावेज जरूरी

शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि आरटीई के तहत अभिभावक अपने बच्चों का नर्सरी, केजी व प्रथम कक्षा में दाखिला करवा सकते हैं। इसके लिए योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। अभिभावक अपने घर से एक किलोमीटर की दूरी में आने वाले निजी स्कूलों में ही आवेदन कर सकते हैं। शर्त यह भी है कि उक्त दूरी में कोई राजकीय विद्यालय नहीं होना चाहिए। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें निर्धारित की गई हैं। दाखिले के लिए अभिभावकों के पास आय प्रमाण पत्र (परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम), परिवार पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड, बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र, फोटो, अभिभावक का मोबाइल नंबर होना जरूरी है।

### दाखिला न देने पर स्कूलों पर होगी कड़ी कार्रवाई

विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने आरटीई के तहत निजी स्कूलों में दाखिलों को लेकर शेड्यूल में बदलाव किया है। तय शेड्यूल के अनुसार अभिभावक 16 अप्रैल तक ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद ड्रा के पश्चात सभी निजी स्कूलों की ओर से दाखिला प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अगर कोई स्कूल दाखिला देने में आनाकानी करेगा, तो उनके खिलाफ विभाग के नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
**-रचना बाना**, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### 2025 में जिले में 2896 सीटों पर नहीं हुए थे दाखिले

शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2025 में सीटों संबंधित विवरण प्राप्त करने में देरी हुई थी। इसके बाद अभिभावकों से पहले ऑफलाइन आवेदन जमा करवाए गए, फिर विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। ऐसे में विद्यार्थियों को आरटीई के तहत दाखिला लेने में जुलाई 2025 तक इंतजार करना पड़ा। जुलाई 2025 में ही प्रदेश में 4210, सोनीपत में 195 विद्यार्थी स्कूलों में प्रवेश पाने से वंचित रह गए थे। कुछ स्कूल प्रबंधन काफी समय तक चयनित बच्चों को दाखिला देने में आनाकानी करते रहे थे। विभाग के हस्तक्षेप के बाद विद्यार्थियों को दाखिला मिल पाया था। इसके बाद भी विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश में शेष बची 49237, सोनीपत में 2896 सीटों पर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को वेटिंग लिस्ट व मेरिट के आधार दाखिला दिलवाने का निर्णय लिया था, लेकिन इन सीटों पर भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया था।

### 2025 सीटों का ब्योरा न देने पर 84 स्कूलों पर विभाग ने लगाया था जुर्माना

शिक्षा विभाग ने अक्तूबर 2025 में जिलाभर के 681 में से 105 ऐसे स्कूलों की सूची तैयार की गई थी, जिन्होंने आरटीई के तहत अपनी सीटों को घोषित नहीं किया था। साथ ही आईटीई के तहत पोर्टल पर संबंधित सीटों का ब्यौरा अपलोड नहीं किया था। इन 105 स्कूलों में से जिले में बिना मान्यता के चल रहे 21 स्कूल बंद हो चुके थे। इसके बाद शेष ऐसे 84 निजी स्कूलों पर विद्यार्थियों की संख्या अनुसार 17 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया था। इनमें से 18 निजी स्कूल सोनीपत ब्लॉक के भी शामिल थे।

### एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में सुनील कुमार और प्रिंस ने जीता कांस्य पदक

**गन्नौर।** किर्गिस्तान के बिश्केक में 6 से 12 अप्रैल 2026 तक आयोजित सीनियर एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में क्षेत्र के दो पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल कर देश का नाम रोशन किया है। गन्नौर के डबरपुर गांव निवासी अर्जुन अवार्डी पहलवान सुनील कुमार ने 87 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में पदक जीता। पहलवान सुनील कुमार की इस उपलब्धि से उनके गांव डबरपुर में खुशी की लहर दौड़ गई। परिवार के लोगों ने पूरे गांव में लड्डू बांटकर जश्न मनाया और ग्रामीणों ने इसे गर्व का क्षण बताया। मां अनीता देवी व भाई सुमित कुमार ने सुनील कुमार के प्रदर्शन पर खुशी मनाई और अगली प्रतियोगिता में उसके स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद जताई। रेलवे कुश्ती कोच एवं अर्जुन अवार्डी कृपाशंकर बिश्नोई के अनुसार, सुनील कुमार अब तक सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कुल 6 पदक जीत चुके हैं, जिनमें एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

### वाहन की टक्कर से कैंटर चालक की मौत

**सोनीपत।** नेशनल हाईवे-44 पर कुंडली फ्लाईओवर पर वाहन की टक्कर से कैंटर चालक की मौत हो गई। गांव सनपेड़ा निवासी जितेंद्र दिल्ली से कैंटर खाली कर सोनीपत की तरफ लौट रहे थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव सनपेड़ा निवासी सुखबीर ने कुंडली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह ट्रैक्टर चलाते हैं और उनके छोटे भाई जितेंद्र शुभराम हॉस्पिटल सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का कैंटर चलाते थे। वह गाड़ी को लेकर गांव बड़ी से दिल्ली आते-जाते थे। तडके करीब 4 बजे वह कैंटर को दिल्ली से लेकर सोनीपत की तरफ लौट रहे थे। जब वह कुंडली में केएफसी पुल के ऊपर चढ़ रहे थे तो किसी वाहन ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण जितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय कैंटर में उनके साथ गांव का ही क्लीनर हरीश भी था। वह हादसे में बच गए। हादसे के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक भाग गया। पुलिस ने वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## हनुमान नगर में आग लगने से पांच बाइक व रिक्शा जली

- खाली प्लाट में लगी आग ने लिया विकराल रूप

**सोनीपत।** हनुमान नगर क्षेत्र में एक खाली प्लॉट में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास रह रहे मजदूर परिवारों की झोपड़ियां और उनका सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय प्लॉट में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि होने से बचाव हो गया, लेकिन प्रभावित परिवारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्लॉट में उठी छोटी सी चिंगारी कुछ ही मिनटों में तेज आग में बदल गई और देखते ही देखते लपटों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया। आग फैलने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इस आग में श्रमिक परिवारों की कई झोपड़ियां पूरी तरह जल गईं। साथ ही वहां खड़ी पांच बाइक-रिक्शा भी आग की चपेट में आकर नष्ट हो गईं। झोपड़ियों में रखा राशन, कपड़े और अन्य जरूरी सामान भी जल गया। घटना के दौरान प्लॉट में रखे एलपीजी सिलेंडर भी खतरे का कारण बने। लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए सिलेंडरों को बाहर निकाला, हालांकि एक छोटे सिलेंडर में विस्फोट भी हुआ, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया।

### शिकायतों का तुरंत समाधान करें : एसडीएम

**खरखौदा।** उपमंडल कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम अमित कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। समाधान शिविर में विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं, जिन पर एसडीएम ने सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मोबाइल चोरी कर बैंक खाते से 85 हजार निकालने का आरोपी पकड़ा




**सोनीपत।** थाना राई पुलिस ने ऑटो चालक का मोबाइल चोरी कर उनके बैंक खाते से हजारों रुपये निकालने के आरोपित गांव खटकड़ निवासी श्रीभगवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि मूलरूप से झज्जर के गांव बरकताबाद हाल गांव गढ़ी सराय निवासी देवेंद्र सिंह ने 30 मार्च को राई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उनका कहना था कि वह ऑटो चलाकर अपने परिवार का पालन करते हैं। 13 मार्च को दोपहर के समय वह कुंडली बॉर्डर से सोनीपत आ रहे थे।

नाथूपुर मोड़ से तीन युवक उनके ऑटो में बैठे थे। रास्ते में बीसवांमील के पास कार ने ऑटो को हल्की टक्कर मार दी थी। जब वह नीचे उतरकर गाड़ी देखने लगे तो ऑटो में बैठे युवकों में से किसी ने उनका मोबाइल चोरी कर लिया था। उन्होंने अपना मोबाइल सिम बंद करा दिया था। एक दिन बाद नया सिम लेने पर उनके बैंक खाते से रुपये निकाले जाने के मैसेज आए थे। उनके खाते से 85 हजार रुपये निकाले गए थे। राई थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक सतीश ने श्रीभगवान को गिरफ्तार कर लिया है। उसे अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी की दो वारदातों का खुलासा

**सोनीपत।** चोरी के दो मामलों से पर्दा उठाते हुए बहालगढ़ व सदर थाना पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपितों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है, तीसरे आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पहले मामले में थाना बहालगढ़ पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के मामले में आरोपी यूपी के जिला बरेली के गांव विरासत गंज निवासी रफीक और दिल्ली के सुलेमान नगर किराड़ी के प्रताप विहार निवासी पवन को गिरफ्तार किया है। मामले को लेकर गांव खेवड़ा निवासी सुनील कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि वह गांव के सरकारी स्कूल में चौकीदार है। 25 फरवरी की रात को चोर उनके घर में घुस गए थे और डेढ़ लाख रुपये, दो सोने की अंगूठियां, चार कंबल व अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। अब एएसआई संदीप ने रफीक व पवन को गिरफ्तार कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। दूसरे मामले में थाना सदर पुलिस ने घर में चोरी करने के आरोपी गांव भटगांव निवासी सुनील उर्फ सोनू को पकड़ा है। मामले को लेकर गांव के आजाद ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि 1 अप्रैल रात को चोर नकदी व फोन चोरी कर ले गए थे।

## अपहरण कर टैक्सी चालक की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



- मामले में चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके
- पुलिस ने आरोपी हुजेफा को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा

दिल्ली से बागपत टैक्सी को बुकिंग पर लेकर आने के बाद चालक का अपहरण कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित यूपी के बागपत के गांव पट्टी चौधरान का हुजेफा उर्फ उजेफा है। पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया। मूलरूप से रेवाड़ी के गांव बगडवा अहीर हाल नोएडा के सेक्टर-104 निवासी नवीन ने 29 जनवरी, 2025 को बहालगढ़ थाना में अपने चालक का अपहरण किए जाने की शिकायत दी थी। उनका कहना था कि वह मानवी टूर एवं ट्रेवल्स के नाम से दिल्ली में कार्यालय चलाते हैं। 28 जनवरी को चालक मूलरूप से यूपी के जिला बुलंदशहर के खुर्जा के गांव माछड़ हॉल नोएडा के सेक्टर-104 निवासी प्रमोद दिल्ली से बागपत गए थे। कार को विशु व राजन शर्मा ने बुक किया था। चालक से संपर्क टूटने पर जीपीएस के माध्यम से कार को तलाशते हुए कुमासपुर स्थित ओमेक्स सोसाइटी के पास पहुंचे थे। जहां कार में सीट पर खून के धब्बे मिले थे।

पुलिस ने बागपत के गांव सिनौली निवासी प्रशांत उर्फ विशु व बिजनौर की ज्ञान विहार कॉलोनी निवासी राजन को काबू कर ब्लाइंड मर्डर से पर्दा उठाया था। पुलिस ने प्रमोद का शव यूपी के सिनौली के खेत में कुएं से मिला था। उनके सिर में गोली मारकर हत्या की गई थी। बाद में आरोपित आसिफ व रिहान को पकड़ा गया।

## नागरिक अस्पताल में लीवर और किडनी जैसी गंभीर बीमारी की जांच बेपटरी, मरीज बैरंग लौटने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- बीमारियों की जांच में उपयोग होने वाला केमिकल 15 दिन से खत्म
- लोगों को निजी अस्पतालों में करवाने पड़ रहे महंगे टेस्ट

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों को पूर्ण रूप से स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ऐसे में जांच करवाने के लिए अस्पताल आए मरीज प्रबंधन पर सवालियां निशान उठा रहे हैं। मरीजों का आरोप है कि अस्पताल की लैब में करीब 15 दिन से लीवर व किडनी से संबंधित जरूरी जांच पूर्ण रूप से पटरी से उतर चुकी है।

मरीजों को इन जांच की सुविधा न मिलने का कारण प्रयोग होने वाले आवश्यक केमिकल का खत्म होना है। उधर अस्पताल प्रबंधन करीब 15 दिन से इन केमिकल की व्यवस्था नहीं कर पाया है, जो कि निंदनीय बात है। ऐसे में जांच करवाए आए मरीजों को बिना जांच बैरंग लौटना पड़ रहा है।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में रोजाना करीब 1700 से 2000 मरीज पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाते हैं। विभिन्न जांच के अलावा कुछ चिकित्सक संबंधित इलाज के लिए मरीजों को लीवर व किडनी की जांच कराने का परामर्श भी देते हैं, लेकिन लैब में सुविधा मुहैया नहीं होने के कारण मरीजों को बिना जांच करवाए वापस लौटने को मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में वीरवार को भी सुबह से लाइन में लगे करीब 100 से ज्यादा मरीजों को उस समय निराशा हुई, जब उन्हें मशीन में केमिकल न होने का हवाला देकर बिना जांच किए वापस भेज दिया गया। ऐसे में दूरदराज के गांवों से अस्पताल में जांच करवाने के लिए आने वाले आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए स्थिति और भी गंभीर हो गई है। उनके सामने अब केवल दो ही विकल्प बचे हैं या तो वह बिना जांच कराए इलाज को बीच में अधूरा छोड़ दें। अन्यथा निजी लैब में महंगे दाम देकर जांच करवाकर अपना पूरा इलाज करवाएं।

### मुख्यालय को सूचित किया, जल्द मिलेगा केमिकल

नागरिक अस्पताल में लीवर व कडनी जांच में प्रयोग होने वाला केमिकल करीब 15 दिन से खत्म हो चुका है। इसके लिए मुख्यालय से पत्राचार कर केमिकल की मांग की गई है। केमिकल आने के बाद ही मरीजों को जांच की सुविधा प्रदान की जा सकती है।
**-डॉ. प्रिया भारद्वाज**, प्रभारी, प्रयोगशाला, नागरिक अस्पताल

## दिल्ली के युवकों ने तोड़ी थी महिला की चेन



**सोनीपत।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में महिला के गले से सोने की चेन झपटने के आरोपितों को सीआईए की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली के बेगमपुरा का रहने वाला शिवकुमार और नांगलोई का रहने वाला नरेश उर्फ सत्य है। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र की महिला ने पुलिस को बताया था कि वह 28 मार्च के सुबह घर के बाहर सफाई कर रही थी। उसी दौरान बाइक पर आए हेलमेट सवार दो युवक राठधाना गांव की तरफ से आए थे। वह महिला के गले से सोने की चेन झपटकर भाग गए थे। मामले में सीआईए-1 में नियुक्त एएसआई ओमबीर ने शिवकुमार व नरेश को सात दिन के रिमांड पर लिया है। उनसे छीनी गई चेन व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की जाएगी। साथ ही पता लगाया जाएगा कि उन्होंने अन्य कोई वारदात तो अंजाम नहीं दी है।





शैल को स्कूल जाते समय गिलहरी का एक प्यारा-सा बच्चा मिल गया। वह उसे अपने साथ स्कूल ले आया। क्लास के बच्चों ने जब ए, बी, सी और वन, टू, थ्री गाकर सीखा तो गिलहरी के बच्चे ने भी एल्फाबेट और काउंटिंग रट ली। इसके बाद जो हुआ, बहुत ही मजेदार रहा!

# पढ़ने लगा गिलहरी का बच्चा!





गुजराती कहानी
पुष्पा अंताणी

एक गिलहरी थी। वह अपने नन्हे से बच्चे के साथ रहती थी। गिलहरी को सुबह से लेकर शाम तक दौड़ती हुई देखकर बच्चे ने उससे कहा, 'मां, तुम सारा दिन दौड़ती रहती हो, तो क्या तुम थकती नहीं हो?'

मां बोली, 'क्या करूं, बेटा! दौड़ना तो पड़ेगा ही ना! मैं यदि दौड़ूंगी नहीं, आराम से बैठी रहूंगी तो फिर हम खाएंगे क्या?'

बच्चे ने कहा, 'मां, क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद करूं?'

गिलहरी ने प्यार से जवाब दिया, 'नहीं, तुम अभी बहुत छोटे हो, पहले तुम बड़े हो जाओ, बाद में मेरी मदद करना। जाओ, अभी तो तुम बाहर जाकर खेलो।'

बच्चा खेलने के लिए बाहर दौड़ गया। वहां स्कूल जा रहे नन्हे-मुन्ने शैल की नजर एक पेड़ के तने के पास खेल रहे इस गिलहरी के बच्चे पर पड़ी। उसे वह बच्चा बहुत पसंद आ गया। वह चुपके-चुपके, लुकते-छिपते उसके पास आया ताकि गिलहरी के बच्चे को पता नहीं चले, फिर उसे पकड़ लिया। बच्चा भी बहादुर था, पर शैल ने उसे अचानक ही पकड़ा था, वह कांपने लगा। बच्चे को कांपता देखकर शैल समझ गया कि वह डर गया है। इसलिए वह बच्चे को प्यार से अपने हाथों से सहलाते हुए बोला, 'तुम मुझसे बिल्कुल डरना मत। मैं तुम्हें जरा भी परेशान नहीं करूंगा। मैं तो तुम्हारा दोस्त हूं।'

गिलहरी के बच्चे ने कहा, 'क्या तुम मेरे साथ खेलोगे?' 'हां, मैं तुम्हारे साथ जरूर खेलूंगा, पर अभी तो मैं स्कूल जा रहा हूं। तुम मेरे साथ चलोगे?' शैल ने पूछा।

गिलहरी का बच्चा शैल के साथ स्कूल जाने के लिए तैयार हो गया। शैल ने तुरंत उस बच्चे को बस्ते के अगले वाले खाने में रख दिया, उसके बाद वह स्कूल आ गया। उसका कोई दोस्त बच्चे को देखे, उससे पहले गिलहरी के बच्चे को क्लास की खिड़की के पास बैठाकर कहा, 'तुम यहीं बैठे रहना, आराम से सब कुछ देखते रहना।'

कुछ देर बाद टीचर आए। सभी बच्चों को गा-गा कर पढ़ाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फिर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' बच्चे भी उसी प्रकार ऊंची आवाज में बोलने लगे। कुछ देर बाद दूसरे टीचर आए। बच्चों को वह 'वन, टू, थ्री, फोर, फाइव' पढ़ाने लगे। बच्चे भी उसी तर्ज पर ऊंची आवाज में गाकर बोलने लगे। गिलहरी का बच्चा यह सब देख रहा था और सुन रहा था। वह भी अपने होंठ फड़फड़ा कर कुछ बोल रहा था। कुछ देर बाद इंटरवल हुआ। सभी बच्चे लंच करने लगे। कोई देख न ले, इसलिए शैल छिपता हुआ खिड़की के पास पहुंचा। उसने देखा कि गिलहरी का बच्चा बहुत खुश था। उस बच्चे को शैल ने अपने टिफिन में से कुछ खिलाया और खुद भी खाना खाया। बच्चे को बड़ा मजा आया। वह कूदने-फुदकने लगा। इससे शैल के सभी मित्रों को पता चल गया कि उनकी क्लास में गिलहरी का बच्चा आया हुआ है। सारे इकट्ठा हो गए, गिलहरी के बच्चे को खिलाने लगे। शैल ने अपने दोस्तों से कहा, 'कोई उसे तंग नहीं करना।' क्लास के सभी बच्चे मिलकर खूब खेले, मजे किए। बाद में पढ़ने के लिए बैठ गए। गिलहरी का बच्चा भी पुनः खिड़की के पास बैठ गया।

स्कूल में छुट्टी होने पर सब अपने-अपने घर जाने लगे। रास्ते में उस पेड़ के पास पहुंचने पर शैल ने गिलहरी के बच्चे से कहा, 'क्या तुम मेरे घर चलोगे?'

बच्चा बोला, 'मेरी मां, मेरा रास्ता देख रही होगी। मैं अभी तो जाऊंगा, शाम को खेलने के लिए आऊंगा।'

शैल ने कहा, 'मैं इसी जगह तुम्हारा इंतजार करूंगा।'

बच्चा तो दौड़ता हुआ अपनी मां के पास चला गया। मां ने उसे देखते ही पूछा, 'कहां था तू इतनी देर से? मुझे तेरी बहुत चिंता हो रही थी। क्या कर रहा था तू?' बच्चा मां को जवाब देने के बजाय ऊंची-ऊंची आवाज में गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

मां तो अपनी आंखें फाड़े अपने बच्चे को देखती ही रह गई। वह बोली, 'तुम यह क्या बोल रहे हो? मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा है।'

बच्चा तो फिर आगे गाने लगा, 'वनटू.थ्री.फोर फाइव., सिक्स., सेवन, ऐट., नाइन., टेन.!' यह सुनकर गिलहरी घबरा गई। उसने सोचा कि उसके बच्चे को किसी ने कुछ कर दिया है या फिर वह पगला गया है। मां बच्चे को बगल वाले पेड़ पर रह रहे कौए के पास लेकर गई, उससे बोली, 'कौआ भाई! देखो तो मेरे बच्चे को कुछ हो गया है। मैं उसे जो कहती हूं, वह उसकी समझ में नहीं आ रहा। वह न जाने क्या बोल रहा है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है। आप जरा देखिए तो, कुछ आपकी समझ में आ रहा है।'

कौए ने बच्चे से कहा, 'क्यों क्या हुआ है तुम्हें?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' थोड़ी सांस लेकर फिर बोलने लगा, 'वनटू थ्री फोर फाइव सिक्स सेवन ऐट नाइन टेन।'

कौआ चौंका, 'अरे बाप रे! इसे तो कुछ हो गया है। पास में ही रह रहे बंदर वैद्य को दिखाओ, तब पता चलेगा इसे क्या हुआ है?' गिलहरी तुरंत बच्चे को लेकर बंदर वैद्य के पास गई। उससे बोली, 'बंदर वैद्य जी, देखिए तो मेरे बच्चे को क्या हो गया है? उसे जल्दी-जल्दी अच्छा कर दीजिए।' बंदर वैद्य ने बच्चे को जांचा। वह तो चुस्त-दुरुस्त ही था। उसने बच्चे से पूछा, 'तुम्हें क्या हुआ है?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

यह सुनकर बंदर वैद्य बोला, 'ओ मां! यह तुम क्या बोल रहे हो?'

बच्चा फिर से वही बोलने लगा, 'वन टू थ्री फोर फाइव।' बंदर चिंतित होकर बोला, 'गिलहरी, तुम्हारी बात सही है। तुम्हारे बच्चे को सच में कुछ हो गया है!'

यह सुनकर गिलहरी रोने लगी। घर लौटते हुए रास्ते में जो भी मिलता, उससे अपने बच्चे को ठीक कर देने के लिए विनती करती। ऐसा करते हुए शाम हो गई। शाम हो जाने पर शैल को गिलहरी का बच्चा दिखाई नहीं दिया, तो वह उसे खोजने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में उसे उसके दोस्त भी मिले। सब मिलकर बच्चे को खोजने लगे। बच्चा तो कहीं नजर नहीं आया। तभी गिलहरी के बच्चे की दूर से आ रही आवाज सबने सुनी।




वह गा रहा था, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट।' पहले तो किसी की समझ में नहीं आया, लेकिन बाद में शैल की समझ में आ गया कि गिलहरी का बच्चा भी आज स्कूल से ऐसा बोलना सीख कर आया है। सब खुश हो गए और नाचते-कूदते, गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

गिलहरी ने उनकी यह आवाज सुनी तो बोली, 'अरे, मेरा बच्चा भी ऐसा ही बोल रहा है!' गिलहरी के बच्चे ने भी शैल और उसके दोस्तों की आवाज सुनी तो वह दौड़कर उनके पास गया।

गिलहरी के बच्चे को देखकर सब खुशी से झूमने लगे और गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, वन टू थ्री फोर फाइव!' गिलहरी का बच्चा भी सबके साथ नाचता जाता और गाता जाता। गिलहरी, कौआ, बंदर और अन्य प्राणी फटी आंखों से यह तमाशा देखते ही रहे। *

**हिंदी अनुवाद : रजनीकांत एस. शाह**




सभी इमेज: एआई

## जीके क्विज-200

1. उत्तर भारत का पहला ग्लास ब्रिज किस स्थान पर बनाया जाएगा?
2. दुनिया की पहली डिजिटल जनगणना किस देश में शुरू की गई है?
3. पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
4. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
5. प्रसिद्ध प्राचीन ग्रंथ 'मुद्राराक्षस' के रचयिता कौन हैं?
6. अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहां स्थित है?
7. कौन-सा ग्रह सबसे कम समय में सूर्य का चक्कर लगाता है?
8. कौन-सा विटामिन आंखों के लिए सर्वाधिक लाभदायक होता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री कौन थे?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-200 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-199 का उत्तर:** 1. आरसीबी, 2. छत्तीसगढ़, 3. 18 अप्रैल, 4. देहरादून, 5. सिकंदर लोदी, 6. पंजाब, 7. विटामिन बी और विटामिन सी, 8. वुलर झील, 9. जोधपुर, 10. भारत-पाकिस्तान

**जीके क्विज-199 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, अनुभव-राजनांदगांव, सचिन-दुर्ग, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, कनिका-बालोद

## हंसगुल्ले



**अजय:** यार, आजकल मुझे रात को ठीक से नींद नहीं आती। क्या तुम्हें अच्छी नींद आती है?
**विजय:** हां, मैं तो 'घोड़े बेचकर' सोता हूं।
**अजय:** अच्छा! तो तुमने अब तक कितने घोड़े बेच दिए?
**-नैतिक, दिल्ली**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**-काव्या, जबलपुर**

**राजू, सोनू और मोनू,** तीनों एक ही साइकिल पर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने उन्हें रोक लिया।
**राजू:** सॉरी अंकल, हमारी साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज, आप किसी और से लिफ्ट ले लें। **-जतिन, रायपुर**

वनस्पति जगत
नयनतारा


बच्चो, जंगलों में बहुत ही विशाल और अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। इनमें एक पेड़ है जायंट सिकोइया। इसे 'जंगल का पिता' कहा जाता है। जानो, इस अनोखे पेड़ के बारे में।

# जंगल का पिता कहलाता है विशाल-अनोखा पेड़ जायंट सिकोइया

बच्चो, पेड़ एक तरह से पृथ्वी के फेफड़े होते हैं, क्योंकि वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं ताकि हम सांस लेकर जिंदा रह सकें। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी पर 3 ट्रिलियन से अधिक पेड़ हैं। पेड़ों का भी अनोखा आश्चर्यजनक संसार है, दुनिया भर में एक से बढ़कर एक अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। एक पेड़ तो ऐसा था, जो करीब 2,000 साल तक जीवित रहा। उस पेड़ का तना इतना बड़ा था कि उसके बीच से होकर बनाए गए रास्ते में से घुड़सवार भी निकल सकते थे। उस पेड़ का नाम-जायंट सिकोइया था। इस प्रजाति के पेड़ आज भी दुनिया में मौजूद हैं।

**इसलिए कहते हैं जंगल का पिता:** जायंट सिकोइया के पेड़ पूरे जंगल की क्षमता और ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रारंभिक दौर के मूल जायंट सिकोइया के जो अवशेष मिले हैं, उससे पता चलता है कि वह 400 फीट से अधिक ऊंचा रहा होगा, प्राकृतिक संसार पर यह राजा की तरह राज करता होगा। प्रकृति का रियल लीजेंड है जायंट सिकोइया, इसलिए इसे 'जंगल का पिता' कहते हैं।

**अब भी मौजूद हैं इस प्रजाति के पेड़:** बच्चो, सबसे पुराने जायंट सिकोइया के वृक्ष तो अब नष्ट हो चुके हैं। लेकिन इस प्रजाति के वृक्ष आज भी अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में सिएरा नेवादा पर्वत श्रृंखला के ढलानों पर धुंध भरे वातावरण में उगते हैं। ये पेड़ 900 से 2,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ग्रोव्स (उपवनों), विशेष रूप से सिकोइया नेशनल पार्क, किंग्स कैन्यन नेशनल पार्क और कैलावेरस बिग ट्रीज स्टेट पार्क में पाए जाते हैं।






**आग में भी रहते हैं सुरक्षित:** जायंट सिकोइया पेड़ की छाल लगभग दो फीट मोटी होती है, इनमें कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं पाया जाता है, जिससे ये पेड़ जंगल की आग जैसी आपदाओं में भी बचे रह जाते हैं। कई बार तो जंगल की आग इस पेड़ के लिए फायदेमंद साबित होती है। बच्चो, जायंट सिकोइया के बीज इस पेड़ की शाखाओं पर उगने वाले शंकु (कोन) के अंदर पाए जाते हैं। ये कोन पेड़ पर लगभग 20 साल तक लटके रहते हैं। जंगल की आग की गर्मी में इनके कोन सूख जाते हैं और ओटमील के दाने जैसे छोटे-छोटे बीजों को मिट्टी में छोड़ देते हैं, जिससे जायंट सिकोइया के नए पेड़ पनपते हैं।

**पी जाता है डेली 300 गैलन पानी:** एक पूरा विकसित जायंट सिकोइया का पेड़ दिनभर में लगभग 300 गैलन पानी पी जाता या जमीन से सोख लेता है। यह पेड़ काफी विशाल तो होता है, पर इसकी जड़ें काफी गहराई तक नहीं पहुंच पाती हैं। इसकी जड़ें सिर्फ 6 से 12 फीट गहराई तक ही जा पाती हैं। ऐसे में इस विशाल पेड़ को संतुलित रखने के लिए इसकी जड़ें चौड़ाई में फैल जाती हैं।

**आयु होती है हजारों वर्ष:** जायंट सिकोइया पेड़ की आयु हजारों वर्ष की हो सकती है। यह पेड़ अधिक पुराने होने या किसी पादप-रोग से नहीं नष्ट होते, बल्कि कई बार अपनी विशालता, वजन और असंतुलन की वजह से गिर पड़ते हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## बैसाखी त्योहार अनोखा

बैसाखी त्योहार अनोखा
जोश जगाता है,
बच्चों, बड़ों और बूढ़ों के
मन को भाता है।
बोई हुई फसल खेतों की
पककर कट जाती,
खाली खलिहानों में दानों
की बहार आती,
मजदूरों के श्रम का पूरा
मोल चुकाता है।
नई तरह की मस्ती छाए
पांव थिरक उठते,

घोर निराशाओं के बादल
राहों में लुटते,
जीवन का संगीत सुहाना
खूब सुनाता है।
दिशा-दिशा में मुस्कानों की
एक लहर आए,
अपनेपन की खुशबू से जग
सारा भर जाए,
जो हो गए दूर थे उनको
पास बुलाता है।



तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## चार दोस्तों की रोमांचक कहानी

बच्चो, तुमको सुपरहीरोज की कॉमिक स्टोरीज पढ़ने में बहुत मजा आता होगा। इन हीरोज के पास तो सुपर पॉवर होती हैं। इसलिए वे कठिन से कठिन काम भी आसानी से कर लेते हैं। लेकिन इस नॉवेल 'धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य' में तुम्हारे जैसे ही चार सामान्य बच्चों की कहानी है, जिनके पास कोई सुपर पावर नहीं है। लेकिन फिर भी चारों दोस्त ध्रुव, किट्टू, एकांश और युग किस बहादुरी, साहस और समझदारी से घने जंगल के बीच स्थित एक पुराने खजाने का पता लगाते हैं, इसे पढ़कर तुम रोमांच से भर उठोगे।




कहानी की शुरुआत होती है, जब ध्रुव दिल्ली से अपने मामा के घर रामपुर पहुंचता है। वहां उसकी दोस्ती पड़ोस में रहने वाली नटखट किट्टू और जुड़वा भाई युग और एकांश से होती है। वे साथ में खेलते, मस्ती करते हैं। इसी बीच उन्हें रावण टेकड़ी के प्राचीन खजाने से जुड़े नक्शे के बारे में पता चलता है। फिर चारों कैसे वहां तक पहुंचते हैं, उनके सामने कैसी चुनौतियां आती हैं और वे कैसे उनका सामना करके अपने लक्ष्य को पाते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। बच्चो, नॉवेल रहस्य-रोमांच से भरा है, पढ़कर तुम्हें मजा आएगा। *

**किताब:** धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य, **लेखक:** मिथिलेश गुप्ता, **मूल्य:** 249 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

## रंग भरो-199

**रंग भरो-199** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




श्रेया, दुर्ग


डॉली, दुर्ग


आशुतोष, उमरिया


त्रियांश, धमतरी


रुपाली, बिलासपुर


आशना, जांजगीर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**
काशवी-रायपुर, माही-महासमुंद, रायशा-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, उमंग-खैरागढ़, रुपाली-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, असित-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 200




बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे झूला झूल रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## शाहपुर तगा व सांदल कलां के बाद गुमड़ में बनाया जाना था राजकीय पशु अस्पताल

# निर्माण के लिए चार साल बीतने के बावजूद जमीन का नहीं हो रहा प्रबंध

**वर्ष 2022 में मिली थी सौगात**

- गुमड़ में सिरे नहीं चढ़ पा रही योजना, 60 लाख से भिगान व कासंडी में पशु अस्पताल के नए भवन की जल्द मिलेगी सौगात
- गांव भिगान व कासंडी में पुराने पशु अस्पताल के भवन की जगह पर ही बनेगी नई इमारत, अगले सप्ताह शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के दो गांवों भिगान व कासंडी में पशु अस्पताल के नए भवनों का जल्द निर्माण करवाकर ग्रामीणों को सौगात दी जाएगी। दोनों पशु अस्पतालों के निर्माण पर लोक निर्माण विभाग की ओर से कुल 60 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। विभाग ने अस्पतालों के निर्माण को लेकर अगले सप्ताह टेंडर प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है।

उधर सीएम घोषणा के अंतर्गत गांव गुमड़ में लोक निर्माण विभाग को राजकीय पशु अस्पताल निर्माण के लिए 4 साल बाद भी 160 वर्ग गज जमीन नहीं मिल पाई है। अस्पताल के निर्माण का मामला दो विभागों में उलझकर रह गया है। विभाग ने मई 2025 में पशुपालन विभाग को जमीन चयन की जिम्मेदारी सौंपी थी, लेकिन आज तक जमीन मुहैया नहीं हो पाई है। वहीं योजना के तहत चयनित तीन में से दो गांव शाहपुर तगा व सांदल कलां में अस्पताल का निर्माण हो चुका है। अधिकारियों की मानें तो गांव भिगान में पशु अस्पताल के निर्माण पर 39 लाख और गांव कासंडी में 31 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। वहीं वर्ष 2024 व 2025 में शाहपुर तगा व सांदल कला में राजकीय पशु अस्पताल का निर्माण होने के बाद गुमड़ में योजना सिरे नहीं चढ़ पा रही है। बता दें कि ग्रामीणों ने वर्ष 2017 में गन्नौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से गुमड़ में पशु अस्पताल बनवाने की मांग की थी। वर्ष 2022 में प्रस्ताव पास होने के बाद घोषणा के तहत गांव गुमड़, सांदल कलां व शाहपुर तगा में करीब 1.05 करोड़ रुपये की लागत से 160-160 वर्ग जमीन पर तीन राजकीय पशु अस्पताल का निर्माण करवाया जाना था।

### गन्नौर लाकर पशुओं को इलाज कराने को मजबूर चार गांव के लोग

- गुमड़ सहित अहीर माजरा, अगवानपुर और शेखपुरा के ग्रामीणों को मिलेगा फायदा

गांव में पशु अस्पताल का निर्माण होने से गुमड़ सहित अहीर माजरा, अगवानपुर व शेखपुरा के ग्रामीणों फायदा मिल सकता है। साथ ही पशुओं को समय पर इलाज मिलने के साथ चिकित्सा सुविधा में सुधार की संभावना की जा सकती है। फिलहाल गुमड़ सहित आसपास के इन गांवों के ग्रामीणों को गन्नौर के पशु अस्पताल में अपने पशुओं का इलाज करवाने के लिए मजबूर होना पड़ हैं। आपातकाल के दौरान ग्रामीणों को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। अगर गुमड़ में पशु अस्पताल का निर्माण हो जाता है, तो चारों गांवों के ग्रामीणों को गन्नौर का रुख नहीं करना पड़ेगा। साथ ही उन्हें आसपास सुविधा मिल सकेगी।

### पशुपालन विभाग को सौंपी गई है जमीन के चयन की जिम्मेदारी

गांव भिगान व कासंडी में पुराने पशु अस्पताल के भवन की जगह पर ही नए भवनों का जल्द निर्माण शुरू करवाया जाएगा। दोनों गांव में अस्पताल के निर्माण पर करीब 60 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। गांव गुमड़ में पशु अस्पताल निर्माण के लिए फिलहाल जमीन चयन की जिम्मेदारी पशुपालन विभाग को सौंपी गई है। जमीन निर्धारित नहीं होने के कारण ही निर्माण कार्य में देरी हो रही है। पशुपालन विभाग जैसे ही लोक निर्माण विभाग को जगह मुहैया करवाएगा, तो काम शुरू करवा दिया जाएगा।

**- भूपिंद्र सिंह**, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सोनीपत

### 35 लाख होंगे खर्च

दो गांव में अस्पताल निर्माण पूरा कर लिया गया है, जबकि अब गुमड़ में भी 35 लाख की लागत से पशु अस्पताल का निर्माण करवाया जाना है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग ने पशुपालन विभाग को जमीन चयन की जिम्मेदारी सौंपी है, लेकिन आज तक जगह का चयन नहीं हो पाया है।

### एक साल से जगह को तलाश रहे दो विभाग

गुमड़ में पहले गांव के बीच पार्क की जमीन पर पशु अस्पताल निर्माण के लिए जगह चयनित की गई थी, लेकिन ग्रामीण उस जगह अस्पताल निर्माण के लिए राजी नहीं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पार्क बच्चों व बुजुर्गों के टहलने के लिए बनाया गया है। यहां पशु अस्पताल बनने से सार्वजनिक सुविधाओं पर असर पड़ेगा, स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ेगी। इसको लेकर ग्रामीणों ने मार्च 2025 में पार्क की जमीन पर अस्पताल निर्माण पर रोक लगाने के लिए प्रदर्शन भी किया था। ग्रामीणों ने कहा था कि प्रशासन पार्क की जगह छोड़कर अन्य स्थान पर अस्पताल का निर्माण करवा सकता है। मामले में प्रशासन के हस्तक्षेप के बावजूद आज तक दूसरी जगह चयनित नहीं हुई है।

# दमकल कर्मचारियों ने दो दिन और बढ़ाई हड़ताल, रोष मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की ओर से राज्य स्तरीय हड़ताल का वीरवार को दूसरा दिन रहा। नगर निगम कार्यालय में पेरोल कौशल दमकल कर्मचारियों का धरना जारी रहा, जिसकी अध्यक्षता जिला सचिव अमित दहिया, मंच संचालन पूर्व प्रधान संदीप तुर ने किया। वहीं अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन व नगरपालिका कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में गोहाना रोड स्थित जनस्वास्थ्य यूनियन कार्यालय से लघु सचिवालय के गेट तक रोष मार्च निकाला और मुख्यमंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।

यूनियन के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान एवं जिला प्रधान राजीव खत्री ने बताया कि फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए दमकल कर्मचारी भवि चंद्र शर्मा व रणवीर सिंह की शहादत पर सरकार की चुप्पी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। वीरवार को विभाग के मंत्री के साथ हुई वार्ता पूरी तरह विफल रही। ऐसे में यूनियन का निर्णय है कि हड़ताल को 11 अप्रैल तक जारी रखा जाएगा। रोहतक में कल नगरपालिका व दमकल विभाग के कर्मचारी संयुक्त बैठक कर आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। जिला सचिव अमित दहिया ने बताया कि दमकल कर्मचारी गाड़ियों का चक्का जाम कर शहीदों के परिजनों को न्याय दिलाने का संघर्ष करेंगे।




# डिजिटल काटे से गेहूं की माप एवं तौल पर किसानों ने खुशी, आढ़ती नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सरकार के सख्त आदेश के बाद कि गेंहू खरीद के दौरान पूरी तरह पारदर्शिता बनी रहे इसके लिए गेंहू का अनाज मंडियों में पूरे प्रदेश में नापतोल डिजिटल काटे से ही किया जाए, इसके लिए गन्नौर मंडी में एसडीएम व अन्य अधिकारी भी सख्त आदेश दे चुके है लेकिन उसके बाद भी मंडी के आढ़ती चाहते है कि डिजिटल की बजाय पहले वाले पुरानी प्रणाली के काटे से खरीद हो। लेकिन विधायक व एसडीएम से गुहार लगा रहे है लेकिन दोनो की तरफ से भी बोला गया कि सरकार के आदेश है और इससे किसान भी खुशी है तो डिजिटल काटें का ही नापतोल में प्रयोग किया जाए। वहीं किसानों ने भी सरकार के फैसले का स्वागत किया और बताया कि इससे सभी किसान अपने गेंहू के कट्टे की भराई के समय डिजिटल काटे में वजन को स्क्रीन पर पढ़कर अनुमान लगा लेंगे। लेकिन पुराने काटे का मापतौल उनकी समझ में नही आता। इसलिए उनकी भी मांग की मंडी में डिजिटल काटे से मापतौल ही करवाया जाए। उन्होंने मांग की कि इसके लिए संबधित विभागों के अधिकारी भी सख्त रहे। एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि सरकार के आदेश अनुसार मंडियों में गेंहू खरीद के दौरान डिजिटल काटें प्रयोग के आदेश दिए है। इसके बाद भी कोई पहले वाले काटे का प्रयोग करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रपाई की जाएगी।



### पारदर्शिता आएगी





पुरखास गांव के किसान सुरेश व महेन्द्र ने बताया कि वे सरकार का आभार व्यक्त करते है कि डिजिटल काटे के प्रयोग से कट्टे का वजन वे आसानी से समझ पाएंगे। पहले वाले काटे का वजन उन्हें समझ नही आता था। इससे पारदर्शिता आएगी।

# सुंदर सिंह बने ब्रांच के प्रधान प्रदीप को सचिव की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की शाखा ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर सोनीपत का त्रिवार्षिक चुनाव केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार सर्वसम्मति से संपन्न कराया गया। चुनाव प्रक्रिया राज्य उपप्रधान धर्मराज घणघस, उपकोषाध्यक्ष विनय रोहिल्ला, उपाध्यक्ष जगबीर हुड्डा और संगठन सचिव कुशलपाल चौहान की देखरेख में संपन्न हुई। चुनाव में ब्रांच प्रधान पद पर सुंदर सिंह, सचिव पद पर प्रदीप कुमार और कोषाध्यक्ष पद पर संदीप कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया।

### पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई

चुनाव के उपरांत नवगठित पदाधिकारियों को संगठन की शपथ दिलाई गई। नवनियुक्त ब्रांच प्रधान सुंदर सिंह ने कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाईचारे द्वारा लगातार तीसरी बार सर्वसम्मति से प्रधान की जिम्मेदारी देने पर वह सभी के आभारी हैं। उन्होंने कर्मचारियों को विश्वास दिलाया कि उनकी मांगों को लेकर लगातार संघर्ष जारी रखा जाएगा तथा मांग पत्र सौंपकर समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। यदि बातचीत के माध्यम से समाधान नहीं हुआ तो संघर्ष का रास्ता अपनाया जाएगा। चुनाव सभा में राज्य सचिव हरि प्रकाश, जिला प्रधान भारद्वाज, रघुबीर, राहुल, श्रीपाल, विजय, रामधन, दीपक, रजत, वेदपाल, नीरज, सुभाष, नरेन्द्र, योगेश, सोनू, सुनील, तेजपाल सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।



**सोनीपत।** नवनियुक्त पदाधिकारी पद की शपथ लेते हुए।

# एसआरएम यूनिवर्सिटी और डीएलएसए के बीच समझौता

**कैदियों के पुनर्वास पर रहेगा जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एसआरएम यूनिवर्सिटी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के बीच कैदियों के पुनर्वास और जरूरतमंद लोगों तक कानूनी सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से एक समझौता किया गया। इस समझौते के तहत दोनों संस्थाएं मिलकर प्रशिक्षण कार्यक्रम और कानूनी जागरूकता से जुड़े कार्य संयुक्त रूप से संचालित करेंगी। डीएलएसए सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के सदस्य सचिव जगदीप सिंह द्वारा जिला कारागार सोनीपत के बंदियों के लिए "कुलिनरी स्किल्स एवं रेस्टोरेंट मैनेजमेंट" नाम से एक माह का प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इसी पहल से प्रेरित होकर एसआरएम यूनिवर्सिटी और डीएलएसए सोनीपत के बीच यह एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। समझौते के अनुसार दोनों संस्थाएं मिलकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता शिविर लगाएंगी। साथ ही छात्रों को विधिक सेवाओं से जोड़ा जाएगा और लोक अदालतों व अन्य गतिविधियों में उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। प्रचेता सिंह ने कहा कि कैदियों के पुनर्वास और समाज में उनकी दोबारा स्थापना के लिए शैक्षणिक संस्थानों का सहयोग बहुत जरूरी है।



## गुड़ मंडी व काठ मंडी स्थित कॉलोनियों के लोगों ने लगाई समाधान की गुहार

# सीवर व नाले जाम, टूटे डिवाइडरों और ऊंचे नीचे सीवर के मेन हॉल पर लोगों की नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कालूपुर चुंगी से गुड़ मंडी की ओर जाने वाले मार्ग पर सीवर के मेनहॉल का लेवल ठीक नहीं होने से वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारियों को मौखिक रूप से शिकायत करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में खासकर दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की, कि लोगों की इस गंभीर समस्या का जल्द समाधान करवाया ाए।

सड़क सुरक्षा संगठन के संयोजक संदीप बत्रा, मुकेश शर्मा, हरजीत, रमेश, गिरधारी, टिंकू, पिंटू, वीना देवी, भोलू, प्रियांशु, आरुषि, बाला देवी ने बताया कि गुड़ मंडी व काठ मंडी रोड पर सड़क के बीच में बनाए गए हुए सीवर अकसर जाम रहने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। मानसून का समय नजदीक होने के बावजूद नालों की सफाई का कार्य शुरू नहीं करवाया गया है। सिटी पार्क के आसपास रहने वाले लोगों को निकासी की अव्यवस्था झेलनी पड़ रही है। साथ ही सड़क के बीचों बीच बनाए गए विभिन्न जगह सीवर के मेनहॉल का लेवल ठीक नहीं है।



**सोनीपत।** सिटी पार्क रोड पर जाम व सीवर के मेनहॉल के लेवल पर नाराजगी जताते सड़क सुरक्षा संगठन के संयोजक संदीप बत्रा व लोग।

### संतुलन बिगड़ने के कारण दुर्घटना का अंदेशा

इससे वाहन चालकों को आवागमन में हिचकोले खाने पड़ रहे हैं। साथ ही संतुलन बिगड़ने के कारण दुर्घटनाएं होने का संदेशा बना रहता है। लोगों ने आरोप लगाया कि पिछले कई माह से सीवर जाम, नाले जाम, टूटे हुए डिवाइडरों एवं ऊंचे नीचे सीवर के हॉल की समस्या का समाधान करवाने के लिए कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई गई है, लेकिन स्थानीय लोग इन समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनकी मांग है कि प्रशासन समस्याओं का समाधान करवाएं। वहीं सड़क सुरक्षा संगठन ने कालूपुर चुंगी से गुड़ मंडी की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित खंभों पर रेट्रो टेप युक्त रिफलेक्टर लगाए गए।



## समाधान शिविर में 10 शिकायतें आई, उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

**सोनीपत।** उपायुक्त नेहा सिंह ने लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द करना सुनिश्चित करें। जिससे शिकायतकर्ता को किसी भी तरह की परेशानी न हो और बार-बार सचिवालय के चक्कर न काटने पड़े। गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर के दौरान 10 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें सोनीपत शुगर मिल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा प्रदान करवाने बारे, परिवार पहचान पत्र में पारिवारिक आय ठीक करवाने बारे, वेस्ट जुआं ड्रेन की खुदाई व सफाई करवाने बारे, सरकारी योजना के तहत बिजली का बिल माफ करवाने बारे, भू राजस्व से संबंधित, अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ एफआईआर करवाने बारे की शिकायतें शामिल रहीं। इसी तरह से दिव्यांग की पेंशन बनवाने बारे, महलाना गांव के सरपंच के खिलाफ गांव के विकास कार्यों में घटिया सामग्री का इस्तेमाल करने की शिकायत, बिजली व पानी की शिकायतें प्राप्त हुई। सभी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा, डीसीपी कुशल पाल, सीटीएम सिमरन, एसीपी राजपाल सिंह, डीआरओ सुशील शर्मा, डीडीपीओ मनीष मलिक, तहसीलदार कीर्ति व अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आईडी बनवाने पर ही मिलेगा लाभ : डॉ. राजेंद्र

**गोहाना।** प्रधानमंत्री सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए किसान आईडी बनवाना जरूरी है। यह आईडी बनवाए बिना अब इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। भविष्य में इसी आईडी के माध्यम से कृषि संबंधी अन्य सरकारी योजनाओं के सभी लाभ किसान को सीधे उसके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्राप्त होंगे। यह जानकारी कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गोहाना के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने दी। एसडीओ डॉ. राजेंद्र ने कहा कि उपमंडल गोहाना क्षेत्र में 44007 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभ के पात्र हैं। इनमें से केवल 17619 किसानों ने किसान आईडी बनवाई है। बाकी किसान भी जल्द अपनी किसान आईडी बनवा लें।

### आकलन के लिए कराई गई फसल कटाई

**खरखौदा।** गेहूं की फसल की औसत पैदावार का आकलन करने के लिए वीरवार को कृषि विभाग के अधिकारियों ने सहायक सांख्यिकी अधिकारी डॉ ऋषिपाल व खण्ड कृषि अधिकारी डॉ दीपक शर्मा, सहायक प्रौद्योगिकी प्रबंधक दीपक कुमार धीमान, प्रोजेक अधिकारी संजय अहलावत, कृषि पर्यवेक्षक रघुराज सिंह दहिया की अगुवाई में गांव छिनौली में चिह्नित खेत में अपनी निगरानी में गेहूँ की फसल की कटाई कराई। कृषि विभाग के कर्मचारी अपनी निगरानी में दाना अलग कराएंगे। इसी आधार पर संपूर्ण खेत व क्षेत्र में औसत पैदावार का आंकलन किया जाएगा।

### सामाजिक कार्यकर्ता पर जग से किया हमला

**सोनीपत।** राई विश्राम गृह में सामाजिक कार्यकर्ता पर स्टील के जग से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने विश्राम गृह के कर्मचारी पर हमले का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके सिर में चोट आई है। राई थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। गांव माहरा निवासी संदीप मलिक ने राई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह सामाजिक कार्यों से जुड़े हैं। वह 8 अप्रैल को राई विश्राम गृह के कमरे में ठहरे हुए थे। इसी दौरान प्रवेश ने उन पर अचानक स्टील के जग से हमला कर दिया। हमले में उनके सिर पर गहरी चोट लगी। घटना के बाद संदीप मलिक ने नागरिक अस्पताल सोनीपत में उपचार व मेडिकल करवाया और फिर राई थाना में शिकायत दी। थाना प्रभारी धीरज ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### उच्च न्यायालय ने वार्डबंदी को ठहराया अवैध

**सोनीपत।** नगर निगम चुनाव के तहत की गई वार्डबंदी को उच्च न्यायालय ने 8 अप्रैल के अपने फैसले में अवैध करार देते हुए 2011 की जनगणना के आधार पर वार्डबंदी और आरक्षित सीटें तय करने के निर्देश दिए हैं। एडवोकेट सौरभ सचदेवा ने बताया कि 4 सितंबर 2025 की अधिसूचना के तहत की गई वार्डबंदी पूरी तरह कानूनों का उल्लंघन और असंवैधानिक थी। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर पहले उपायुक्त सोनीपत के कार्यालय में आपत्ति पत्र दिया गया था और बाद में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई। सौरभ सचदेवा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने न्यायालय के इस फैसले का स्वागत किया है और आगे भी कानूनी लड़ाई मजबूती से जारी रखने की बात कही है।

### गणनाकर्ताओं व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण जारी

**सोनीपत।** जिला में जनगणना के कार्य को लेकर गणनाकर्ताओं व सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फील्ड ट्रेनरों के द्वारा दिए जा रहे इस प्रशिक्षण में गणनाकर्ताओं व सुपरवाइजर्स को जनगणना के कार्य से संबंधित विभिन्न बिंदुओं से अवगत करवाया जा रहा है। 06 अप्रैल से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण 22 अप्रैल तक जारी रहेगा। 6 अप्रैल से 8 अप्रैल, 9 अप्रैल से 11 अप्रैल, 15 अप्रैल से 17 अप्रैल व 20 अप्रैल से 22 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान 64 बैचों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि जनगणना 2027 भारत की प्रथम डिजिटल मोड में आयोजित होने वाली जनगणना होगी।01 मई से शुरू हो रहे जनगणना के प्रथम चरण मे गणनाकर्ताओं के द्वारा 34 सवाल पूछे जाएगे। 6 से 8 गणनाकर्ताओं पर एक सुपरवाइजर्स रहेगा।

### जैन स्थानक में मनाया नवकार दिवस

**सोनीपत।** सेक्टर 15 स्थित जैन स्थानक में संघशास्ता गुरुदेव सुदर्शन लाल महाराज के शिष्य जय मुनि महाराज और नरेन्द्र मुनि महाराज आदि ठाणे के सानिध्य में नवकार दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए और नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया। गुरुदेव ने अपने प्रवचन में कहा कि आज विश्वभर में जैन समाज नवकार दिवस मना रहा है, जिसका उद्देश्य विश्व शांति और सर्वकल्याण की मंगल कामना करना है। उन्होंने बताया कि नवकार मंत्र किसी एक जाति या संप्रदाय तक सीमित नहीं, बल्कि समस्त मानवता के कल्याण का संदेश देता है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, सुख-समृद्धि और मानव कल्याण के लिए प्रार्थना की।

### सभी ग्रंथों में श्रेष्ठ है श्रीमद्भगवद गीता

**सोनीपत।** सेक्टर 15 पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन पहुंचें। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें सभी ग्रंथों का सार है। श्रीमद् भागवत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। कथावाचक ने प्रवचन कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कार्यक्रम में आयोजन समिति द्वारा राजीव जैन का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

### सीनियर सिटीजंस ने की बैठक, कई प्रस्ताव पास

**सोनीपत।** सेक्टर 15 स्थित कम्युनिटी सेंटर में ग्रुप ऑफ सीनियर सिटीजन्स वेलफेयर एसोसिएशन सोनीपत की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गत वर्ष में संग्रह की गई राशि व वार्षिक कार्यक्रम को लेकर समीक्षात्मक विषय पर चर्चा हुई। इकाई अध्यक्ष रामधन शर्मा ने बताया सभी पदाधिकारीगण ने सहर्ष अनुमोदन किया। मुख्य संरक्षक डॉ. रमेश बत्रा, डॉ. हरभगवानदास अरोड़ा, लाजपत डुडेजा, गणेश कालिया व डॉ. सेठी ने मिलकर रामधन शर्मा को पटका पहनाकर सम्मानित किया। डॉ. रमेश बत्रा, डॉ. हरभगवानदास अरोड़ा ने बताया कि फरीदाबाद व भिवानी में हमारे छात्रावास चल रहे हैं।

### पुलिस उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**गोहाना।** पुलिस उपायुक्त गोहाना जितेन्द्र गहलावत ने गोहाना क्षेत्र में कबाड़ का व्यापार करने वाले दुकानदारों व प्लॉट संचालकों के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रबंधक भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त ने कबाड़ व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर उचित रिकॉर्ड संधारण रखें तथा किसी भी प्रकार का चोरी का सामान खरीदने या बेचने से सख्ती से बचें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त में संलिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### द स्टैनफोर्ड स्कूल में छात्रों को किया सम्मानित

**खरखौदा।** द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द में हर कक्षा के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार, ट्राफी और प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रों को उच्च लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे पूरे विद्यालय समुदाय में प्रेरणा का संचार हुआ। पहली कक्षा से होमवर्क हीरोइन - परिसा ,दूसरी से क्राफ्ट स्टार-देवांशी, तीसरी कक्षा से कम्युनिकेशन स्टार-माही, चौथी कक्षा से डिसिप्लिन स्टार-पूर्वी, पांचवीं कक्षा से काइंडनेस स्टार -चेतना, छठी कक्षा से द कल्चरल स्टार- भविष्या, सातवीं कक्षा से साइलेंट परफॉर्मर -वृति,आठवीं कक्षा से मोस्ट इंप्रूव्ड इन एकेडमिक-तनिषा,नौवीं कक्षा से सिंसीयर एफर्ट्स अवार्ड- निहारिका तथा ग्यारहवीं कक्षा से पंचवलटी स्टूडेंट्स-श्रुति और आयुष विद्यार्थी सम्मानित किये गए। विद्यालय चेयरमैन उत्सव दहिया और विद्यालय निर्देशिका पूजा दहिया ने बताया कि पुरस्कार, ट्राफियां और प्रमाण पत्र शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान रखते है। ये छात्रों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहित करते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयसिंह ने बताया कि इन सब पुरस्कारों का मुख्य उद्देश्य उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रदर्शित करके दूसरों को प्रेरित और प्रोत्साहित करना होता है।

## विकास एवं पंचायत मंत्री ने मंडी में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# गेहूं खरीद कार्य में किसानों को नहीं होगी किसी प्रकार की परेशानी : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और गेहूं की खरीद के दौरान किसी भी किसान को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार मंडियों में आने वाले किसानों के एक-एक दाने की खरीद सुनिश्चित करेगी। वीरवार को मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गोहाना मंडी का औचक निरीक्षण करके किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गेंहू की गुणवत्ता, नमी की जांच, बायोमेट्रिक पंजीकरण प्रणाली तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गेंहू की खरीद प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित होनी चाहिए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से गेंहू के उठान, भंडारण तथा बारदाने (बोरी) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ किसी प्रकार की धोखाधड़ी रोकने के लिए बायोमेट्रिक प्रणाली लागू की गई है। यह प्रणाली किसानों के हितों की रक्षा करने और उन्हें सुरक्षित व पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। सरकार का प्रथम दायित्व किसानों के हितों की रक्षा करना है। इसके लिए संबंधित विभागों एवं खरीद एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।



गोहाना। अनाज मंडी में सुविधाओं का जायजा लेने पहुंचे मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

### धूमधाम से मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

*मंत्री ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को इंद्रधनुष आडिटोरियम, पंचकूला में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम के मुख्यमंत्री होंगे। 13 अप्रैल को सभी मोहल्लों, नगरों, कस्बों, गांवों में डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम से स्थापित प्रतिमाओं, पार्कों, लाइब्रेरियों की सफाई की जाएगी और सायं को दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक समाज के सभी वर्गों को विशेष तौर पर दलित व पिछड़ा वर्ग को डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन परिचय व उनके सघर्ष से परिचित करवाया जाएगा।*

### इस दौरान ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर डीसीपी गोहाना जितेंद्र गहलावत, एसडीएम गोहाना डॉ. अनमोल, बीडीपीओ गोहाना डॉ. परमजीत रंगा, बीजेपी जिला अध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, मार्किट कमेटी गोहाना चेयरमैन कृष्ण सैनी, इंद्रजीत विरमानी, मार्किट कमेटी गोहाना सचिव सुरेश कुमार, हैफेड मैनेजर ज्योति, वेयरहाउस मैनेजर रेनूबाला, बलराम कौशिक, महेंद्र चिड़ाना, डॉ. राममेहर राठी और श्यामलाल वशिष्ठ सहित आढ़ती व किसान मौजूद रहे।*

### अब तक 3 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

सोनीपत। जिले की विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक व खरीद लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार देर सांय तक जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में 03 हजार 374.1 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को दो एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। उपायुक्त मेहा सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में पहुंचे 03 हजार 374.1 मीट्रिक गेहूं में से हैफेड द्वारा 02 हजार 726 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 648.1 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में सोनीपत मण्डी में 2679.1 मीट्रिक टन गेहूं व गोहाना मंडी में 695 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है।



### फसल की तौल और खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं : कृष्णा गहलावत

राई। । विधायक कृष्णा गहलावत ने शुक्रवार को नाहरा स्थित सब खरीद केंद्र में स्थित गेहूं खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मंडी में फसल खरीद, उठान व्यवस्था और किसानों को मिल रही सुविधाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान विधायक ने देखा कि किसान अपनी फसल लेकर मंडी में पहुंच रहे हैं। उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि फसल की तौल और खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडी में अनाज के ढेर न लगें, इसके लिए खरीदी गई फसल का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के समय सोनीपत मार्केटिंग कमेटी के सचिव जितेंद्र तथा खरीद एजेंसी हेफेड के अधिकारी राहुल त्यागी, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल तथा प्रवेश मौजूद थे।

## विधायक ने किसानों और आढ़तियों की सुनीं समस्याएं

देवेन्द्र कादियान ने मंडी का किया दौरा



गन्नौर। विधायक देवेन्द्र कादियान अधिकारियों के साथ मंडी का दौरा करते हुए।

गन्नौर। नई अनाज मंडी में गेहूं की आवक तेजी से बढ़ रही है और अब तक 45 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं पहुंच चुका है। हालांकि, नमी और अन्य तकनीकी कारणों के चलते खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। इससे किसानों, आढ़तियों और मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने मंडी का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उनके साथ एसडीएम प्रवेश कादियान, डीएफसी विंशल सहरावत, हैफेड के डीएम उमाकांत, मार्केट कमेटी सचिव शिव कुमार राठी और मंडी प्रधान सुरेंद्र गोयल सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक ने किसानों और आढ़तियों की समस्याएं भी सुनीं। दौरे के दौरान विधायक ने गेहूं खरीद के नए नियमों को लेकर विस्तार से जानकारी ली और मार्केट कमेटी कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक भी की। मंडी के एंट्री गेट पर गेटपास, बायोमेट्रिक और अन्य प्रक्रियाओं का भी निरीक्षण किया गया।मौसम को देखते हुए फिलहाल गेहूं को बोरों में भरवाने का काम कराया जा रहा है ताकि किसानों की फसल सुरक्षित रह सके। इस अवसर फुड सप्लाई से हरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, विनोद कुमार, सुरेश बत्रा, रोहताश चिरस्मी, अनिल कौशिक, कमल जैन, प्रवीन गोयल, विनोद जैन, कृष्ण गोयल आदि मौजूद रहे।

### इनेलो ने सरकार को बताया किसान विरोधी

सोनीपत। इनेलो जिलाध्यक्ष कुणाल गहलावत ने सोनीपत नई अनाज मंडी में किसान कष्ट निवारण केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि शुक्रवार को रानियां से विधायक अर्जुन चौटाला ट्रैक्टर लेकर सोनीपत मंडी पहुंचेंगे और किसानों की समस्याओं को सुनेंगे। उन्होंने भाजपा सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार सरसों की खरीद से पीछे हट रही है और किसानों को खून के आंसू रुला रही है। कुणाल गहलावत ने कहा कि सरकार ने गेहूं खरीद के लिए ट्रैक्टर नंबर, बायोमीट्रिक सत्यापन, पोर्टल और गेट पास जैसी कई शर्तें लागू कर दी हैं, जिससे किसानों की परेशानियां बढ़ गई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 10 अप्रैल के बाद इन शर्तों को वापस नहीं लिया गया तो इनेलो इस फैसले के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी। इस दौरान सोनीपत हलका अध्यक्ष सरधर्म उर्फ मास्टर बिट्टू सरोहा ने कहा कि मंडियों में किसानों के लिए बिजली-पानी और रात्रि विश्राम की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने ओलावृष्टि से खराब फसलों के लिए 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजे की मांग भी उठाई।

## खबर संक्षेप



### सरकारी अस्पताल में की सफाई कर्मियों की जांच

खरखौदा। हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के निर्देशों के तहत खरखौदा नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के लिए खरखौदा के सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने पहुंचकर अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। सरकारी अस्पताल में ही विशेष रूप से लगाये गए इस शिविर में कर्मचारियों की बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, आंखों की जांच सहित अन्य जरूरी स्वास्थ्य परीक्षण किए गए।

### रुचिका को मिला बेस्ट प्रोग्राम ऑफिसर सम्मान

सोनीपत। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करते हुए रुचिका विरमानी को सत्र 2024-25 के लिए बेस्ट प्रोग्राम ऑफिसर (यूनिवर्सिटी लेवल) के सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अंतर्गत एनएसएस गतिविधियों में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत के अध्यक्ष डॉ. ओपी परुथी ने रुचिका को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने एनएसएस से समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है।

## न्यूज डायरी

### स्नेह ने बीकॉम में हासिल किए 96 प्रतिशत अंक

गन्नौर। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में जैन गर्ल्स कालेज गन्नौर की छात्रा स्नेह ने बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार उपलब्धि हासिल की है। स्नेह की इस सफलता पर कालेज परिसर में खुशी का माहौल है। प्राचार्य डा. मनोज कुमार व स्टाफ सदस्यों ने स्नेह को पुष्प भेंट कर बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कामर्स विभाग की अध्यक्ष प्रीति ने बताया कि स्नेह शुरू से ही मेहनती और प्रतिभाशाली छात्रा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बीकाम में कालेज की अधिकतर छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। वहीं एमकाम में कुमारी शालू ने 89 प्रतिशत अंक हासिल किए। कालेज प्राचार्य ने इन होनहार छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष स्कालरशिप देने की घोषणा की है।



### शुभम मिस्टर व अंतिम को मिस फ्रेशर का मिला खिताब

सोनीपत। साउथ पॉइंट कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बुधवार को फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नृत्य, संगीत व अन्य रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को जीवंत बना दिया। इस दौरान बी. फार्मा प्रथम सेमेस्टर के शुभम को मिस्टर फ्रेशर और बी.फार्मा, प्रथम सेमेस्टर की अंतिम को मिस फ्रेशर के खिताब से नवाजा गया। इसके अलावा रौनक को मिस्टर व विशु को मिस पर्सनैलिटी, विशाल को मिस्टर तो देविका को मिस टैलेंटेड, जतिन को मिस्टर फिटनेस, खुशी को मिस चार्मिंग, अंकित को मिस्टर हैंडसम, एनी शर्मा को मिस स्टनिंग चुना गया। वहीं मिस्टर एनर्जेटिक अनिल, मिस डांसिंग क्वीन सिमरन, मिस सनशाइन सिमरन बने।

### भव्यता से मनाया गुरुमां का 60वां अवतरण दिवस

गन्नौर। ऋषि चैतन्य आश्रम में परम पूज्या आनंदमूर्ति गुरुमां का 60वां अवतरण दिवस बुधवार को अत्यंत हर्षोल्लास व भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश-विदेश से हजारों साधक आश्रम पहुंचे और भक्ति व आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में गुरुमां ने सत्संग करते हुए जीवन को सत्यम शिवम सुंदरम बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख नहीं, बल्कि आत्मज्ञान की प्राप्ति है। गुरुमां ने अज्ञानता, तामसिक प्रवृत्तियों और भौतिक दौड़ से दूर रहकर आत्मचिंतन व ज्ञान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



*शेर सिंह स्कूल में विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी दी जानकारी*

## माता-पिता और शिक्षकों से कोई बात न छुपाएं : महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहानाा-सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में वीरवार को सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गयाा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी जरूरी जानकारियां दी गई। विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारी पहुंचे। इस दौरान विद्यार्थियों को आपातकालीन समय में जरूरी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अपने माता-पिता और शिक्षकों से कुछ भी न छुपाएं। वे इनके साथ अपने हर अनुभव साझा करें। बात छुपाने की आदत किसी भी विद्यार्थी को किसी बड़ी मुसीबत में डाल सकती है। महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि अगर कोई अजनबी व्यक्ति आपको कोई प्रलोभन दे रहा है तो उसकी बातों में न आएं और गुड टच और बैड टच को पहचानें। अगर विद्यार्थी किसी भी प्रकार से असुरक्षित महसूस कर रहे हैं तो इस बारे में अपने माता-पिता और शिक्षकों को अवश्य सूचित करें। इस अवसर पर अशोक दांगी, कुसुम, ऋतु सांगवान और सुमित रोहिल्ला सहित अन्य शिक्षकगण और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



गोहाना। कार्यक्रम में वक्ताओं को सुनते हुए विद्यार्थी।

## शिवा शिक्षा सदन की छात्रा हिती बंसल अब विदेश में पढ़ेगी

सोनीपत। शिवा शिक्षा सदन की कक्षा 12 की छात्रा हिती बंसल ने विश्व की कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से प्रवेश स्वीकृति प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि को उनकी मेहनत और लगन का परिणाम माना जा रहा है। शिवियन हिती बंसल को कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ वाटरलू, अमेरिका की वर्जीनिया टेक और पेन स्टेट, यूनाइटेड किंगडम की किंग्स कॉलेज लंदन, यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग, यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर, क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन और यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी से प्रवेश के प्रस्ताव मिले हैं। इसके अलावा वह एक टेड एक्स वक्ता रह चुकी हैं और एसएसएस बडी क्लब व ब्लॉगरी. ऑर्ग की संस्थापक भी हैं। उन्होंने क्वींसलैंड ऐसे राइटिंग कंपीटिशन में भी जीत हासिल की है। विद्यालय की प्राचार्या पूजा बहल ने खुशी जताते हुए कहा कि शिवियन की सफलता विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन और छात्रा की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा विद्यार्थियों को आगे बढ़ने और बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करता है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी।



### वार्ड 6 में 24 लाख से गलियों का होगा निर्माण

गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान ने वार्ड-6 स्थित हिंदू स्कूल के समीप करीब 24 लाख रुपए की लागत से बनने वाली गलियों के निर्माण कार्य का विधिवत नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। ये गलियों इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनाई जाएगी। इससे पहले स्थानीय लोगों ने विधायक कादियान का फूलमाला से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने विधायक के सामने अपनी समस्याओं को रखा। विधायक ने मौके पर ही मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए और लोगों को भरोसा दिलाया कि गन्नौर के हर कोने का समान विकास उनकी प्राथमिकता है। विधायक कादियान ने कहा कि वार्ड-6 की इन गलियों की हालत काफी समय से खस्ता थी। करीब 24 लाख के बजट से अब यहां इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाएगी।

### मार्केट न्यूज

#### भव्य उद्घाटन समारोहः ट्यूलिप हॉस्पिटल द्वारा सौंदर्य एवं स्वास्थ्य केंद्र की नई पहल

सोनीपत। ट्यूलिप हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अनुराग अरोड़ा व डॉ. अनुपमा की ओर से शहरवासियों के लिए एक नई सौगात प्रस्तुत की जा रही है। "NYA "YOU" नया "यू" मोटापा और कॉस्मेटिक, सौंदर्य एवं स्वास्थ्य केंद्र" का भव्य उद्घाटन 13 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. (डॉ.) सी. राज कुमार इन केंद्रों का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे से प्रारंभ होगा। ट्यूलिप हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अनुराग अरोड़ा व डॉ. अनुपमा ने बताया कि इस केंद्र में आधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञ सेवाओं के माध्यम से मोटापा नियंत्रण, कॉस्मेटिक उपचार, सौंदर्य सेवाओं और समग्र स्वास्थ्य देखभाल को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराएगा। उनका उद्देश्य लोगों को बेहतर स्वास्थ्य, आकर्षक व्यक्तित्व और आत्म-देखभाल के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने आगे कहा कि ट्यूलिप परिवार इन केंद्रों के माध्यम से शहर के लोगों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा और सौंदर्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।



**डीक्रस्ट में रिश्तेदार को मकान देने पर घमासान, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग तक पहुंचा मामला**

## आयोग ने विश्वविद्यायल से 15 दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीक्रस्ट), मुरथल में अधिकारी द्वारा अपने रिश्तेदार को विवेकाधीन कोटे से मकान आवंटित किए जाने पर विवाद गहरा गया है। वरिष्ठता को नजरअंदाज करने के आरोपों के बीच मामला राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग तक पहुंच गया है। आयोग ने विश्वविद्यालय प्रशासन से इस पूरे प्रकरण पर 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है। जानकारी के अनुसार, दिसंबर 2025 में विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न श्रेणियों के मकानों के आवंटन के लिए प्रक्रिया शुरू की थी, जिसमें बी-टाइप के चार मकान भी शामिल थे। चार महीने बीत जाने के बावजूद इन मकानों का नियमित आवंटन नहीं किया गया। इसी बीच एक अधिकारी द्वारा बी-15 मकान अपने करीबी रिश्तेदार को विवेकाधीन कोटे से आवंटित कर दिया गया, जबकि संबंधित व्यक्ति के पास पहले से ही विश्वविद्यालय में आवास उपलब्ध था। नियमों के अनुसार विवेकाधीन कोटे का उपयोग केवल आपातकालीन या आवश्यक सेवाओं के लिए किया जाता है, ऐसे में इस आवंटन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य ने की थी जांच की मांग

*डीक्रूटा (शैक्षणिक यूनियन) ने आरोप लगाया है कि लंबे समय से वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य और कर्मचारी मकानों के आवंटन का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस मुद्दे को लेकर गंभीर नहीं है। विश्वविद्यालय परिसर में 20 से 30 मकान लंबे समय से खाली पड़े हैं, जिससे प्रदेश सरकार को हर माह लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। साथ ही, खाली मकानों की स्थिति लगातार जर्जर होती जा रही है और रखरखाव का खर्च भी बढ़ रहा है। वरिष्ठता को दरकिनार किए जाने से कर्मचारियों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। एक वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य ने इस मामले को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में शिकायत दर्ज कर न्याय की मांग की, जिस पर आयोग ने संज्ञान लेते हुए कुलपति से जवाब तलब किया है।*

### पक्षपात के लगाए आरोप

*डीक्रूटा ने अधिकारियों पर नियमों की अनदेखी और पक्षपात के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आवास आवंटन प्रक्रिया को जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है, जबकि अपने रिश्तेदार को बिना किसी ठोस आधार के मकान आवंटित कर दिया गया। यूनियन ने मांग की है कि सभी मकानों का आवंटन तत्काल वरिष्ठता के आधार पर किया जाए तथा विवेकाधीन कोटे से किए गए आवंटन को रद्द कर पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाए, ताकि कर्मचारियों को राहत मिले और सरकार को हो रहे आर्थिक नुकसान पर रोक लग सके।*

**15 अप्रैल से बैंक में पंजीकरण प्रक्रिया होगी शुरू, यात्रा के लिए चिकित्सा जांच करवाना अनिवार्य**

# बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए अमरनाथ यात्रा पर जाने की तैयारी शुरू कर दी है। यात्रा पर जाने के लिए पहले श्रद्धालुओं का चिकित्सा जांच करवाना अनिवार्य है। इसको लेकर दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में वीरवार को 20 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने अपनी चिकित्सा जांच करवाई। चिकित्सा जांच प्रक्रिया से गुजरने के पश्चात अमरनाथ जाने वाले यात्री 150 रुपये प्रति यात्री के हिसाब से मॉडल टाउन स्थित पंजाब नेशनल बैंक में अपना पंजीकरण 15 अप्रैल से करा सकता है। बता दें कि जिले से हर वर्ष करीब 500 से ज्यादा श्रद्धालु जम्मू-कश्मीर स्थित अमरनाथ जाकर बाबा बर्फानी के दर्शन करते हैं। फिलहाल उक्त तीर्थ यात्रा शुरु होने की तारीख की घोषणा नहीं की गई, लेकिन परंपरा अनुसार यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन वाले दिन संपन्न होगी। सावन में श्रावणी मेले के दौरान बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए सोनीपत से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अमरनाथ यात्रा पर जाते हैं। ऐसे में शहर के नागरिक अस्पताल में श्रद्धालुओं की चिकित्सा जांच शुरू हो चुकी है। विभिन्न गांवों से वीरवार को करीब 20 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने अपनी चिकित्सा जांच करवाई।



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में चिकित्सा जांच करवाने के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु।

### श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए नियम

निर्धारित नियमों के आधार पर ही श्रद्धालुओं को यात्रा पर जाने की अनुमति प्रदान की जाती है। बाबा बर्फानी के दर्शन करने को अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की उम्र 14 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए। 6 सप्ताह या उससे ज्यादा की गर्भवती अमरनाथ की यात्रा नहीं कर सकेंगी। यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी ऊंचाई पर जाना पड़ता है, इस वजह से सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। यही कारण है कि अस्थमा व फेफड़ों से संबंधी बीमारी से जूझ रहे लोगों को उक्त यात्रा के लिए शारीरिक रूप से फिट नहीं माना जाता है।

### यात्रा से पहले इस प्रक्रिया से गुजरना जरूरी

अधिकारियों के अनुसार श्रद्धालुओं को चिकित्सा जांच करवाने के लिए श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की वेबसाइट से फार्म डाउनलोड किया जा सकता है। नागरिक अस्पताल में चिकित्सा जांच प्रमाणपत्र बनवाने के लिए फार्म के साथ पासपोर्ट फोटो लगाना होगा। चिकित्सा जांच प्रक्रिया से गुजरने के बाद अस्पताल के कमरा नंबर 201 स्थित प्रधान चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। इसके बाद पंजाब नेशनल बैंक की मॉडल टाउन शाखा में पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इसके लिए चिकित्सा जांच प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की फोटो प्रति होना जरूरी है। प्रति व्यक्ति पंजीकरण फीस 150 रुपये तय की गई है। बैंक की ओर से यात्रा शुरू करने के लिए जल्द तिथि जारी की जाएगी। बैंक में पंजीकरण के दौरान हर व्यक्ति को बायोमेट्रिक निशान देना होगा। पंजीकरण के लिए 15 अप्रैल से आवेदन किया जा सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 20 मई रहेगी।

### जांच के बाद प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा

इस वर्ष अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। नागरिक अस्पताल में चिकित्सा जांच के लिए श्रद्धालुओं का आना शुरू हो चुका है। चिकित्सा जांच प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही श्रद्धालुओं को चिकित्सा प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

-डॉ. ज्योत्सना, सिविल सर्जन, नागरिक अस्पताल, सोनीपत